# INDIAN RAILWAYS TECHNICAL SUPERVISORS ASSOCIATION

## N.E.Railway – Zonal Unit

**(Regd. No. – 1329 at Delhi under Indian Trade Act – 1926.)**

**Er. R.B.Singh**
**President**
**35, Transit House**
**Bichhia Rly Colony,**
**Gorakhpur – 273012.**
**Mob : 8004651487**

**Er. R.K.Pandey**
**Zonal Secy.**
**642, Chandra Niketan,**
**Krishnanagar Pvt. Colony,**
**Gorakhpur – 273004.**
**Mob : 9451039298**


************************************************************************************************************

No. IRTSA/ZU/11-12/ Dated ..........................


10 राष्ट्रीय सहारा गोरखपुर । बुधवार • 15 अगस्त • 2012


# सामूहिक उपवास पर रहे रेलवे के सैकड़ों इंजीनियर



गोरखपुर (एसएनबी)। विभिन्न मांगों को लेकर इंडियन रेलवे टेक्निकल सुपरवाइजर्स एसोसिएशन के जोनल सचिव ई. रमेश कुमार पांडेय के नेतृत्व में रेलवे के सैकड़ों इंजीनियरों ने मंगलवार को एक दिवसीय सामूहिक उपवास रखा। यांत्रिक कारखाना गेट पर इंजीनियर सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक बैठे रहे।

केंद्रीय कार्यसमिति के निर्देश पर रखे गए उपवास कार्यक्रम के अंतर्गत शाम 4:30 बजे सभा का आयोजन किया गया। सभा को संबोधित करते हुए श्री पांडेय ने कहा कि एसोसिएशन की लंबे समय से लंबित जायज मांगों को रेलवे बोर्ड द्वारा न माने जाने के विरोध में सामूहिक उपवास रखा गया है। यदि रेलवे बोर्ड द्वारा इन मांगों पर सकारात्मक कदम नहीं उठाया जाता है तो 27 अगस्त को जन्तर-मन्तर, नई दिल्ली पर इंडियन रेलवे के संजीनियर धरना देंगे। उन्होंने कहा कि एसोसिएशन को मान्यता देना, सभी जूनियर इंजीनियर, सीएमए व डीएमएस को 4800 ग्रेड पे देना, सीसेई, सीएमएस व डीएमएस को 5400 ग्रेड पे देना आदि संघ की मांगें हैं। सभा को जोनल अध्यक्ष आरबी सिंह, यूनिट सचिव आरके आनंद, यूनिट अध्यक्ष एके गौड़, एसबीएम त्रिपाठी, श्यामदेव ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर आरके सिंह, अजय यादव, दुर्गेश मिश्र, बलवंत सिंह, परवेज अख्तर, एसएम लकड़ा आदि लोग उपस्थित रहे। सभा में केंद्रीय कार्यकारिणी के अध्यक्ष एम समुगम, महासचिव हरचंदन सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष केवी रमेश ने भी संदेश भेजा। कार्यक्रम में भूतपूर्व जोनल सचिव स्व. नरेंद्र कुमार सिन्हा को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई।

**रेलवे न्यूज**

▸ विभिन्न मांगों को लेकर इंडियन रेलवे टेक्निकल सुपरवाइजर्स एसोसिएशन के तत्वावधान में यांत्रिक कारखाना गेट पर अनशन पर बैठे इंजीनियर


हिन्दुस्तान
गोरखपुर • बुधवार • 15 अगस्त 2012 | 08


# सामूहिक उपवास पर रहे रेलवे इंजीनियर

**गोरखपुर | वरिष्ठ संवाददाता**

इंडियन रेलवे टेक्निकल सुपरवाइजर्स एसोसिएशन की केंद्रीय कार्यकारिणी समिति (सीईसी) के निर्देश पर क्षेत्रीय कार्यकारिणी समिति (जेडईसी) के तत्वावधान में मंगलवार को रेलवे इंजीनियरों ने सामूहिक उपवास रखा। देर शाम को इंजीनियरों ने सभा की।

सभा को संबोधित करते हुए इंजीनियर रमेश कुमार पांडेय ने कहा कि एसोसिएशन की मांगों को लम्बे से नजरअंदाज किया जा रहा है। रेलवे बोर्ड द्वारा मांगों पर सार्थक कदम नहीं उठाया गया तो 27 अगस्त को जंतर-मंतर नई दिल्ली में इंडियन रेलवे इंजीनियर्स की केंद्रीय समिति के नेतृत्व में धरना दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इंजीनियरों की प्रमुख मांगों में संघ को मान्यता देना, जूनियर इंजीनियर सीएमए, डीएमएस को 4800 का ग्रेड पे देना शामिल है।

सभा को अध्यक्ष आईआरटीएसए पूर्वोत्तर रेलवे आरबी सिंह, अध्यक्ष यांत्रिक कारखाना एके गौड़, सचिव यांत्रिक कारखाना राजीव आनंद, अध्यक्ष सिग्नल कारखाना सोहन लाल, एसबी त्रिपाठी, श्याम देव, संजय सिंह, आरके सिंह, प्रेमनाथ चतुर्वेदी, अजय यादव, बलवंत सिंह और परवेज अख्तर ने सम्बोधित किया।

# INDIAN RAILWAYS TECHNICAL SUPERVISORS ASSOCIATION

## N.E.Railway – Zonal Unit

(Regd. No. – 1329 at Delhi under Indian Trade Act – 1926.)

Er. R.B.Singh
President
35, Transit House
Bichhia Rly Colony,
Gorakhpur – 273012.
Mob : 8004651487

Er. R.K.Pandey
Zonal Secy.
642, Chandra Niketan,
Krishnanagar Pvt. Colony,
Gorakhpur – 273004.
Mob : 9451039298


No. IRTSA/ZU/11-12/

Dated ..........................


जनसंदेश टाइम्स

गोरखपुर, बुधवार, 15 अगस्त, 2012


# कर्मचारियों ने किया सामूहिक उपवास

**कारखाना के मुख्य गेट पर रेल प्रशासन के विरुद्ध लगाए नारे**



कारखाना गेट पर धरना देते रेल कर्मी। जनसंदेश टाइम्स

कार्यालय संवाददाता, गोरखपुर। लंबित मांगों को रेलवे बोर्ड द्वारा न माने जाने के विरोध में इण्डियन रेलवे सुपरवाइजर्स एसोसिएशन ने मंगलवार को यांत्रिक कारखाना गेट पर सामूहिक उपवास किया और मुख्य कारखाना प्रबंधक को ज्ञापन दिया।

कारखाना के मुख्य गेट पर आयोजित सभा को सम्बोधित करते हुए जोनल सचिव इंजीनियर रमेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि एसोसिएशन की लंबित मांगों को यदि रेलवे बोर्ड द्वारा सकारात्मक कदम नहीं उठाया जाता है तो 27 अगस्त को नई दिल्ली के जन्तर-मन्तर पर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। मांगों को गिनाते हुए उन्होंने कहा कि संघ को मान्यता दी जाए। सभी जेई सीएमए एवं डीएमएस को 4800 का ग्रेड पे देने के साथ जेई, सीएमएस, डीएसएस को समयबद्ध पदोन्नति दी जाए। 50 प्रतिशत ग्रेजुएट इंजीनियर्स को ग्रुप ए के पदों पर पदोन्नति करते हुए सीएमटी ड्राइंग, डिजाइन, स्टोर एवं ओपेन लाइन स्टाफ को इन्सेन्टिव बोनस देने के अलावा सभी एलाउंस में आयकर छूट सरकार की ओर से दी जाए। सभा को जोनल अध्यक्ष इंजीनियर आरबी सिंह, आरके आनन्द, यूनिट अध्यक्ष इंजीनियर एके गौड़, एसबीएस त्रिपाठी, श्याम देव, ने भी सम्बोधित किया।

सभा में इंजीनियर आरके सिंह, अजय यादव, दुर्गेश मिश्र, बलवंत सिंह, परवेज अख्तर, अनिल सिंह आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर नेतृत्व व संघर्ष के प्रतीक भूतपूर्व जोनल सचिव स्व.नरेन्द्र कुमार सिन्हा को उपस्थित रेल इंजीनियर्स ने भावभीनी श्रद्धांजलि दी। कार्यकारिणी अध्यक्ष एम संमुगम, हरचन्दन सिंह, केवी रमेश ने उपवास में शामिल सभी कर्मचारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।


8 | दैनिक जागरण गोरखपुर, 18 अगस्त 2012


## इंजीनियर्स ने रखा सामूहिक उपवास

गोरखपुर : इंडियन रेलवे टैक्निकल सुपरवाइजर्स एसोसिएशन के तत्वावधान में पूर्वोत्तर रेलवे के इंजीनियर्स ने सामूहिक उपवास रखा। कार्य करते हुए उन्होंने मौन आक्रोश व्यक्त किया और मौजूदा परिस्थितियों में केंद्र सरकार की गैर जिम्मेदार पूर्ण रवैये पर नाराजगी जाहिर की। यांत्रिक कारखाना के मुख्य द्वार पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए जोनल सचिव ई. रमेश कुमार पांडेय ने अपने उदबोधन में कहा कि मांगों के प्रति रेलवे बोर्ड उदासीन है। आगामी 27 अगस्त को नई दिल्ली के जंतर- मंतर पर एसोसिएशन की केंद्रीय समिति के नेतृत्व में धरना दिया जाएगा। सभा को ई. आरबी सिंह, आरके आनंद, [illegible] गौड़, एराबीएम त्रिपाठी, श्याम देव ने संबोधि[illegible]। मौके पर ई. आरके सिंह, अजय यादव, [illegible] मिश्र, बलवंत सिंह, परवेज अख्तर आदि मौजूद थे।

# INDIAN RAILWAYS TECHNICAL SUPERVISORS ASSOCIATION

## N.E.Railway – Zonal Unit

**(Regd. No. – 1329 at Delhi under Indian Trade Act – 1926.)**

**Er. R.B.Singh**
**President**
**35, Transit House**
**Bichhia Rly Colony,**
**Gorakhpur – 273012.**
**Mob : 8004651487**

**Er. R.K.Pandey**
**Zonal Secy.**
**642, Chandra Niketan,**
**Krishnanagar Pvt. Colony,**
**Gorakhpur – 273004.**
**Mob : 9451039298**


*******************************************************************************************************

No. IRTSA/ZU/11-12/ Dated ..........................

6 | राष्ट्रीय सहारा गोरखपुर | मंगलवार • 14 अगस्त

## आज सामूहिक उपवास रखेंगे रेलवे इंजीनियर

गोरखपुर (एसएनबी)। इंडियन रेलवे टेक्निकल सुपरवाइजर्स एसोसिएशन की केंद्रीय कार्यसमिति के दिशा-निर्देश पर क्षेत्रीय कार्यसमिति के तत्वावधान में रेलवे के इंजीनियर मंगलवार 14 अगस्त को एक दिन का सामूहिक उपवास रखेंगे। यह जानकारी देते हुए आईआरटीएसए के जोनल सचिव रमेश कुमार पांडेय ने बताया कि कार्यक्रम में आईआरटीएसए/एनईआर के अध्यक्ष आरबी सिंह, सचिव रमेश कुमार पांडेय, एके गौड़, राजीव आनंद, सोहन लाल, एसपीएम त्रिपाठी, श्यामदेव, संजय सिंह, आरके सिंह, प्रेमनाथ चतुर्वेदी, परवेज अख्तर, अजय यादव आदि शामिल होंगे। कार्यक्रम सुबह 10 बजे से यांत्रिक कारखाना के मुख्य द्वार पर प्रारंभ होकर शाम 5 बजे तक चलेगा। श्री पांडेय ने संघ के सभी सदस्यों से सहयोग की अपील की है।

हिन्दुस्तान • गोरखपुर • मंगलवार • 14 अगस्त 2012 • 04

## आज उपवास रखेंगे रेल इंजीनियर

गोरखपुर। इंडियन रेलवे टेक्निकल सुपरवाइजर्स एसोसिएशन की केंद्रीय कार्यकारिणी समिति के निर्देश पर क्षेत्रीय कार्यकारिणी समिति (जेडईसी) के तत्वावधान में मंगलवार को रेल इंजीनियर सामूहिक उपवास रखेंगे।

जोनल सचिव रमेश कुमार पांडेय ने बताया कि कार्यक्रम सुबह 10 बजे से यांत्रिक कारखाना के मुख्य गेट पर प्रारंभ होकर शाम पांच बजे तक चलेगा। शाम 4:30 बजे सभा की जाएगी। इस दौरान पदाधिकारियों की ओर से केंद्र सरकार के गैर जिम्मेदारपूर्ण रवैए से रेल इंजीनियरों को अवगत कराया जाएगा।

6 | दैनिक जागरण गोरखपुर, 14 अगस्त 2012

## सामूहिक उपवास आज

गोरखपुर : इंडियन रेलवे टेक्निकल सुपरवाइजर्स एसोसिएशन के तत्वावधान में पूर्वोत्तर रेलवे के इंजीनियर्स 14 अगस्त को एक दिन का सामूहिक उपवास पर रखेंगे। सायं 4.30 बजे यांत्रिक कारखाना गेट पर एक बैठक भी करेंगे। जोनल सचिव रमेश पांडेय के अनुसार इस दौरान मौजूदा परिस्थितियों में केंद्र सरकार की गैर जिम्मेदाराना पर विरोध दर्ज कराया जाएगा।